आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 06/04/2026 समय : 07.10

मुख्य समाचार :—

- असम के होजाई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा, कांग्रेस पर परिवारवाद और विकास रोकने का लगाया आरोप।

- पश्चिम एशिया संकट के बीच केंद्र सरकार ने दी जानकारी, देश में एलपीजी और खाद्यान्न की आपूर्ति पर्याप्त।

- भोपाल के लाल परेड मैदान में एनएसजी का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कमांडो के हवाई करतब और मॉक अटैक देखे।

- भाजपा का 47वां स्थापना दिवस आज प्रदेशभर में मनाया गया, मुख्यमंत्री ने 14 जिलों में पार्टी कार्यालयों का किया वर्चुअली भूमिपूजन।

**पीएम मोदी- असम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम विधानसभा चुनाव के अंतिम चरण में होजाई में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने असम को बिजली के मामले में दूसरे राज्यों के लिए आदर्श बना दिया है। श्री मोदी ने कांग्रेस पर परिवारवाद और असम को विकास से वंचित रखने का आरोप लगाया और कहा कि इस बार भी जनता भाजपा-एनडीए को ऐतिहासिक जीत दिलाएगी।

**एलपीजी आपूर्ति और खाद्य भंडार**

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत सरकार ने एलपीजी आपूर्ति को लेकर उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित जरूर हुई है, लेकिन टूटने नहीं दी गई। देशभर में प्रतिदिन करीब 50 लाख एलपीजी सिलेंडरों की निर्बाध डिलीवरी जारी है। उन्होंने कहा-

वहीं उपभोक्ता मामलों के अपर सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में असामान्य उतार-चढ़ाव नहीं है और दालों का उत्पादन पिछले साल से अधिक है। खाद्य

विभाग की संयुक्त सचिव सी. शिखा ने बताया कि देश में करीब 602 लाख मीट्रिक टन खाद्य भंडार उपलब्ध है और गेहूं, चावल, खाद्य तेल व चीनी की आपूर्ति पूरी तरह पर्याप्त है।

## एनएसजी शो - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के लाल परेड मैदान में एनएसजी शो में शिरकत की और कमांडो के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि एनएसजी भारत का अभेद्य सुरक्षा कवच है। शो में जवानों ने मॉक टेररिस्ट अटैक का सजीव प्रदर्शन किया और हवाई करतब भी दिखाए।

## काउंटर टेररिज्म प्रशिक्षण केंद्र

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के तूमड़ा में 200 करोड़ रुपए की लागत से काउंटर टेररिज्म प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है। यह केंद्र एनएसजी की तर्ज पर बनेगा और यहां काउंटर-ड्रोन, स्नाइपर ट्रेनिंग और बंधक वार्ता जैसी आधुनिक तकनीकें सिखाई जाएंगी।

## भाजपा का 47वां स्थापना दिवस

भाजपा का 47वां स्थापना दिवस आज प्रदेशभर में बूथ स्तर पर मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने प्रदेश कार्यालय में ध्वजारोहण किया और 14 जिलों में पार्टी कार्यालयों का वर्चुअली भूमिपूजन किया। 7 से 12 अप्रैल तक गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि गांवों में जाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा तक, हमने जो कहा, सो किया है।

वहीं ग्वालियर में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने अलापुर तिराहा पर बनने जा रहे आधुनिक बीजेपी कार्यालय का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने कहा-

## जन विश्वास संशोधन विधेयक

संसद ने जन विश्वास संशोधन विधेयक 2026 पारित कर दिया है। इस विधेयक में 23 मंत्रालयों के 79 कानूनों के 784 प्रावधानों में बदलाव किए गए हैं. इसके अलावा 1 हजार से अधिक छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने

कहा कि यह विधेयक पुराने और अप्रासंगिक नियमों को खत्म कर व्यापार और जीवन सुगमता को बड़ा बढ़ावा देगा।

## उमंग सिंघार- मुख्यमंत्री पत्र

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को त्वरित राहत देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि भिंड, मुरैना, ग्वालियर, बड़वानी समेत कई जिलों में गेहूं, सरसों और चने की फसलें बुरी तरह बर्बाद हुई हैं। सिंघार ने प्रभावित जिलों में शीघ्र सर्वे कर मुआवजा देने और एमएसपी खरीदी में गुणवत्ता मानकों में छूट देने की भी मांग की है।

## बाल विवाह रोकथाम

अक्षय तृतीया पर होने वाले सामूहिक विवाह समारोहों में बाल विवाह रोकने के लिए राज्य सरकार ने सभी कलेक्टरों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। 20 अप्रैल को पंच, सरपंच और पार्षद बाल विवाह न होने देने की शपथ लेंगे. इसके अलावा गांवों में 18 साल से कम उम्र की किशोरियों की सूची तैयार कर उनके परिवारों को समझाया जाएगा। बाल विवाह की सूचना देने के लिए हेल्पलाइन नंबर 181, 1098 और 112 जारी किए गए हैं।

## बड़ा तालाब- अतिक्रमण

भोपाल में बड़े तालाब को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन ने आज से अभियान शुरू किया है। भदभदा क्षेत्र में पहले दिन 9 दुकानें हटाई गईं और अगले 15 दिनों में कुल 347 अतिक्रमण हटाने का लक्ष्य रखा गया है। भोज वेटलैंड नियमों के तहत 16 मार्च 2022 के बाद हुए सभी निर्माण अवैध माने जाएंगे। वन विहार नेशनल पार्क क्षेत्र में भी नियम उल्लंघन का मामला सामने आया है, जिसे एनजीटी में उठाने की तैयारी है।

## मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में 9 अप्रैल तक आंधी-बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज ग्वालियर-चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के 24 जिलों में अलर्ट जारी किया। कल से पश्चिमी विक्षोभ भी सक्रिय होगा, जिससे कहीं तेज आंधी तो कहीं गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में -----

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य प्यारेलाल खंडेलवाल की जयंती पर उन्हें नमन किया।
- केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि देश में हाईवे विस्तारीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगरा से ग्वालियर तक का 6 लेन रोड निर्मित किया जा रहा है।
- प्रदेश सरकार ने विद्युत समाधान योजना की समय सीमा बढ़ा दी है। अब 15 मई तक बकाया बिल जमा करने पर 50 से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया जाएगा।
- भोजशाला मामले की सुनवाई आज उच्च न्यायालय इंदौर में न्यायमूर्ति विजय जी शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक जी अवस्थी की डिवीजन बेंच के समक्ष मामले की अंतिम बहस की शुरुआत हुई ।
- सागर जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत अब तक कुल 14,456 पात्र बालिकाओं को वैक्सीन की सुरक्षा प्रदान की जा चुकी है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 58.87 प्रतिशत है।
- आगरमालवा में मोतीसागर तालाब किनारे 1 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से अटल पथ का निर्माण शुरू हो गया है।
- खंडवा जिले में जनजातीय कार्य विभाग में अवैध तरीके से किए गए सभी स्थानांतरण और नियुक्तियां निरस्त कर दी गई हैं।
- नीमच, देवास और नर्मदापुरम जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनजागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।
- झाबुआ जिले में राजस्व और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने जिलेभर के 11 होटल और प्रतिष्ठानों से 17 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए।
- किर्गिस्तान के बिश्केक में आज से एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2026 शुरू हो गई है। यह प्रतियोगिता 12 अप्रैल तक चलेगी. इसमें भारत ने 30 सदस्यीय दल भेजा है।

----------------------------